## 01-07-2020

भारत ने घोषणा की कि वह अगले दो वर्षों में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) में एक करोड़ डॉलर का योगदान देगा और कहा कि प्रशिक्षण और स्थायी संस्थानों के निर्माण के माध्यम से क्षमता वृद्धि फिलिस्तीन के लिए विकास का एक प्रमुख माध्यम है।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने का फैसला किया है।

विजय खंडूजा को जिम्बाब्वे गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में कम लागत वाली स्वदेशी वेंटिलेटर, प्राणवायु का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

'यूके एटॉमिक एनर्जी अथॉरिटी' की चित्रा श्रीनिवासन सहित भारतीय मूल की पांच महिलाओं ने वर्ष 2020 के लिए ब्रिटेन की शीर्ष 50 महिला इंजीनियरों की सूची में जगह बनाई है।

छठा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए भारत के बाहर विश्व के पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2020-21 में 5.3 प्रतिशत सिकुड़ने का अनुमान है, भारतीय इतिहास में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सबसे निचली वृद्धि दर होगी और अर्थव्यवस्था में संकुचन का यह छठा अवसर होगा।

अडाणी पावर लि. ने अमेरिका की कंपनी एईएस कॉरपोरेशन की संबद्ध इकाई से ओड़िशा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिये समझौता किया है। इस सौदे पर कंपनी 13.5 करोड़ (1,019 करोड़ रुपये) खर्च करेगी।

न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ चेल प्रीस्ट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है।

चीन ने अपने "बीडो नेविगेशन उपग्रह प्रणाली" के लिए अंतिम उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया, जिसके साथ ही उसने अंतरिक्ष शक्ति बनने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है।

## 02-07-2020

सरकार ने ब्याज सब्सिडी योजना के साथ 15,000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचा विकास कोष की घोषणा की, उद्देश्य डेयरी, मांस प्रसंस्करण और पशु चारा संयंत्रों में निजी कारोबारियों और एमएसएमई के निवेश को प्रोत्साहित करना है, इस पहल के कारण 35 लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया।

केंद्र ने वित्त वर्ष 2018- 19 के लिये आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा एक महीने और बढ़ाकर 31 जुलाई, 2020 और आधार संख्या को पैन के साथ जोड़ने की समयसीमा अगले साल 31 मार्च तक कर दी।

भारत संयुक्त राष्ट्र के 'गरीबी उन्मूलन गठबंधन' के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष द्वारा गठित इस गठबंधन का लक्ष्य कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने टीवी चैनल चुनने में मदद करने वाली एक एप पेश की जो ग्राहकों को अपनी पसंद के चैनलों का चुनाव करने और नापसंद चैनलों को हटाने की सुविधा देती है।

यूरोपीय विमान कंपनी एयरबस ने रेमी मेलार्ड को अपने भारतीय परिचालन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं दक्षिण एशिया कारोबार के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी भी दी है।

एयर-कंडीशनर कंपनी कैरियर मीडिया इंडिया ने संजय महाजन को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

दक्षिण भारत का फेडरल बैंक जीवन बीमा संयुक्त उद्यम आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में 80 करोड़ रुपये में चार प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगा।

डोप के दाग से मुक्त राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक संजीता चानू को अंततः प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार मिलेगा जो 2018 से रुका हुआ है।

इंग्लैंड की पूर्व कप्तान क्लेयर कोनोर क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के 233 साल के इतिहास में इस संस्था की पहली महिला अध्यक्ष बनने जा रही हैं।

## 03-07-2020

नीति आयोग ने बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ), सेंटर फॉर सोशल एंड बिहैवियरल चेंज (सीएसबीसी), अशोका विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य और डब्ल्यूसीडी मंत्रालय के साथ भागीदारी में 'नैविगेटिंग द न्यू नॉर्मल' (नए सामान्य में चलना) नाम के एक अभियान और उसकी वेबसाइट का शुभारम्भ किया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (आईसीआरएस) द्वारा विकसित मोबाइल ऐप 'ई‍ब्लडसर्विसेस' की शुरूआत की।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपने प्रकार की पहली पहल के रूप में, अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण को बढ़ावा देने के लिए चंदन और बांस के वृक्षारोपण की शुरुआत की है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पारादीप में इंडियन ऑयल द्वारा स्थापित उत्पाद अनुप्रयोग और विकास केंद्र (पीएडीसी) का उद्घाटन किया।

वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीरता के लिए 'वीर चक्र' से पुरस्कृत स्क्वाड्रन लीडर (अवकाशप्राप्त) परवेज रुस्तम जामस्जी का निधन हो गया है। वह 77 साल के थे।

स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, स्विट्जरलैंड के बैंकों में भारतीय नागरिकों तथा कंपनियों के जमा धन के मामले में भारत तीन स्थान फिसलकर 77वें स्थान पर पहुंच गया है, इस सूची में ब्रिटेन पहले स्थान पर कायम है।

स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लि. की अमेरिकी अनुषंगी को अमेरिका में एक सौर परियोजना के निर्माण का 9.9 करोड़ डॉलर या 747 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

एफएमसीजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) ने फार्मा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स से महिलाओं के हाइजीन ब्रांड वीवॉश का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

इंडिगो एयरलाइंस की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने कहा कि उसने वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की बिक्री में भाग लेने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड फीफा महिला विश्व कप फुटबॉल 2023 की संयुक्त मेजबानी करेंगे जबकि इसके बाद अगला टूर्नामेंट दो साल बाद आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है।

## 04-07-2020

कोरोनोवायरस संकट काल में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से बेरोजगार होकर अपने घर लौटे प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने 'मध्य प्रदेश राज्य प्रवासी श्रमिक आयोग' का गठन किया है।

भारतीय नौसेना की एंटी-सबमरीन युद्ध क्षमता को युद्धपोतों के सभी मोर्चों से गोलाबारी करने में सक्षम उन्नत टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम मारीच को बेड़े में एक अनुबंध के साथ शामिल किए जाने के साथ ही बड़ी मजबूती मिली।

बैंकों के जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की वचनबद्धता पर अमल करते हुए राष्ट्रपति ने बैंकिंग नियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 जारी कर दिया है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को रायतू भरोसा केंद्र (आरबीके) की ओर से मिलने वाली सेवाओं पर नजर रखने के लिए एक मोबाइल ऐप की शुरुआत की ताकि किसानों को यहां से समय-समय पर जानकारी मिल सके।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में नस्लवाद को लेकर ताजा बहस के बीच प्रतिमाओं और स्मारकों को संरक्षित रखने के मकसद से एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।

केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ) ने कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों का इलाज कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षित चश्मा बनाने की एक तकनीक विकसित की है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की कोच्चि स्थित प्रयोगशाला नेवल फिजिकल एंड ओशियेनोग्राफिक लैब (एनपीओएल) ने सामान को वायरस से संक्रमण मुक्त करने के लिये एक यंत्र विकसित किया है।

बिहार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नवीन कुमार चौधरी केन्द्र शासित प्रदेश में निवास का अधिकार पाने वाले पहले नौकरशाह बन गए हैं।

फिनलैंड के खिलाफ भारत का डेविस कप मुकाबला 2021 तक स्थगित हो गया चूंकि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने मैड्रिड में होने वाले डेविस कप फाइनल्स समेत सारे मैच कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के लिये टाल दिये।

निजी क्षेत्र के यस बैंक ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर लोगों के बीच शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने तथा बैंक शाखाओं में जाने की जरूरतों को कम करने के लिये डिजिटल सेवाओं वाले बचत खाते की शुरुआत की है।

## 05-07-2020

दोनों देशों के संकाय सदस्यों और छात्रों के बीच अकादमिक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से - अपने मिशन के हिस्से के रूप में "विश्व स्तर पर पहुंचने और सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए", आईआईटी-खड़गपुर ने अलबर्टा, कनाडा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर एक संयुक्त डॉक्टरेट डिग्री प्रोग्राम (जेडीपी) शुरू किया है।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए और छिपे मामलों का पता लगाने को लेकर स्क्रीनिंग के लिए सभी 75 जिलों में 'डोर-टू-डोर' (घर-घर जाना) सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है।

गोवा सरकार ने जहाज निर्माण की विश्व स्तरीय सुविधाएं बनाने के उद्देश्य से गोवा समुद्री समूह (मैरीटाइम क्लस्टर) की स्थापना के लिये राज्य के 49 लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को भूमि आवंटित करने की मंजूरी दे दी है।

आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल ने आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (आईएफएलआई) में बैंक की 48 प्रतिशत हिस्सेदारी में से आधी से ज्यादा मौजूदा संयुक्त उद्यम भागीदारों को 595 करोड़ रुपये बेचने की अनुमति दी है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कोरोना वायरस महामारी के चलते लागू लॉकडाउन से प्रभावित एमएसएमई क्षेत्र की 4 लाख से अधिक इकाइयों को ₹3 लाख करोड़ की आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत कर्ज की मंजूरी दी है।

ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यूके के साथ कोविड-19 के खिलाफ स्थानीय रूप से एक वैक्सीन का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिग्रहण करने के लिए एक समझौते की घोषणा की, जिसे वर्तमान में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित किया जा रहा है।

हिताची और माइक्रोसॉफ्ट ने दक्षिण पूर्व एशिया, उत्तरी अमेरिका और जापान में विनिर्माण और रसद उद्योगों के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए एक बहु-वर्षीय रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की है।

रेडिट के सह-संस्थापक एलेक्सिस ओहानियन इनिशियल कैपिटल छोड़ रहे हैं, उन्होंने निवेश फर्म 2011 में गैरी टैन के साथ सह-स्थापना की थी।

अमेरिका स्थित निजी इक्विटी फर्म कार्लाइल ग्रुप ने पिरामल एंटरप्राइजेज के फार्मास्युटिकल कारोबार में 20% हिस्सेदारी करीब 490 मिलियन डॉलर (लगभग 3,700 करोड़) में खरीदने की सहमति दी है।

अमेज़ॅन ने घोषणा की कि वह कैलिफोर्निया स्थित स्व-ड्राइविंग कार स्टार्टअप ज़ोक्स का अधिग्रहण करने के लिए सहमत हो गया है।

## 06-07-2020

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के एक वैश्विक मंच ने अपने ताजा अध्ययन में कहा है कि भारत, स्विट्जरलैंड से अपने निवासियों के बैंक खातों और उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं के लाभकारी स्वामित्व के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने वाले शीर्ष तीन देशों में शामिल है।

सरकार ने जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में 2020-21 के दौरान सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों के निर्माण के लिए अतिरिक्त 1,691 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के नयनाभिराम पर्वतीय इलाके मुनस्यारी में राज्य के वन विभाग के अनुसंधान प्रकोष्ठ ने देश का पहला 'कवक उद्यान' विकसित किया है।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

स्वप्न बनर्जी और इश्तियाक अली को हॉकी बंगाल की सालाना आम बैठक में फिर से क्रमश: अध्यक्ष और महासचिव चुना गया।

जस्टिन जॉनसन ने लंबे समय से चला आ रहा खिताबों का सूखा खत्म करते हुए इस साल ट्रेवलर्स गोल्फ चैम्पियनशिप अपने नाम की।

मुम्बई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद के भारतीय मूल के वकील अब्दुल्ला खान डोगर का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।

श्रेक 2 के निर्देशक कैली एसबरी का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

विश्व बैंक ने कहा कि उसके कार्यकारी निदेशक मंडल ने छह भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और संचालन में सुधार के लिये 50 करोड़ डॉलर (लगभग 3,700 करोड़ रुपये) के ऋण स्वीकृत किये हैं।

भारतीय वाहन कलपुर्जा उद्योग को निर्यात बढ़ाने तथा पांच साल में वैश्विक व्यापार में कम से कम 5 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए, भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एसीएमए) ने यह राय जताई है।

## 07-07-2020

चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) वाशिंगटन स्थित फुटवियर वितरक एवं अमेरिकी खुदरा विक्रेता तथा अमेरिकी फैशन उद्योग संघ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा, इस पहल का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के लिए उस बाजार में उभरते अवसरों का उपयोग करना है।

भारत ने चीन से संबंध रखने वाले 59 मोबाइल एप पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें लोकप्रिय टिकटॉक और यूसी ब्राउजर जैसे एप भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये एप देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं।

भारत के युवा अंपायर नितिन मेनन को इंग्लैंड के नाइजेल लोंग की जगह 2020-21 सत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अंपायरों की एलीट पैनल में शामिल किया गया।

के के वेणुगोपाल को दोबारा एक वर्ष के लिए भारत का अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोविड-19 के गंभीर मरीजों के इलाज के लिए 'प्लाज्मा थैरेपी- सह-परीक्षण' परियोजना की शुरूआत की।

जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने राज्य में कोविड- 19 महामारी के प्रसार को रोकने में मदद के लिये छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रुपये दिये हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने अपनी डिजिटल चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर भारतीय मूल की अमेरिकी मेधा राज को नामित किया है, जो कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पूरी तरह डिजिटल रूप में ही चलाया जा रहा है।

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के एक समूह ने एक राजनीतिक कार्य समिति का गठन किया है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए सक्रियता से प्रचार करेगी।

डब्ल्यूटीओ की रिपोर्ट के अनुसार, जी-20 देशों ने अक्टूबर 2019 के मध्य से मई 2020 के मध्य तक आयात पाबंदी और कड़ी सीमा शुल्क प्रक्रिया समेत 59 व्यापार प्रतिबंधात्मक कदम उठाये हैं।

उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, सरकारी स्वामित्व वाली राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड (एनएफएल) ने पांच मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएओं का अनावरण किया जो किसानों को उनके दरवाजे पर मुफ्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू की गईं।

अश्विनी कुमार सिंह ने बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमा के नए महानिरीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला।

Online आवेदन

## 08-07-2020

एआई सक्षम माईजीओवी (MyGov) कोरोना हेल्पडेस्क ने एक प्रतिष्ठित ग्लोबल लीडरशिप शिखर सम्मेलन और एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी महोत्सव, कॉनएक्स 2020 में (1) "बैस्ट इनोवेशन फॉर कोविड-19 सोसाइटी" और (2) "पीपुल्स च्वाइस कोविड-19 ओवरऑल विनर" श्रेणियों के अंतर्गत दो पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवंबर के अंत तक विस्तार करने की घोषणा की

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश स्थित एक हेलीपैड से स्प्रे उपकरण से युक्त एक बेल हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखाई।

मई 2020 में आठ कोर उद्योगों के सूचकांक की वृद्धि दर में 23.4% (अनंतिम) की गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले महीने यानी अप्रैल 2020 में इसमें 37 प्रतिशत (अनंतिम) की गिरावट आंकी गई थी।

भारत सरकार, तमिलनाडु सरकार और विश्व बैंक ने तमिलनाडु के कम आय वाले समूहों की मदद के लिए कल कानूनी समझौतों पर हस्ताक्षर किए, ताकि उन्हें किफायती आवास प्राप्त हो सके।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक वर्चुअल समारोह में प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम लॉन्च किया।

दिल्ली के ओखला स्थित ऊर्जा संयंत्र के लिए इंडियन ऑयल, एनटीपीसी लिमिटेड और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के बीच अपशिष्ट को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

केंद्र सरकार ने अगले छह महीने के लिए यानि दिसंबर तक पूरे नगालैंड को "अशांत क्षेत्र" घोषित किया।

भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में शिशु मृत्यु दर सबसे ज्यादा है - इस प्रदेश में हर 1000 शिशुओं में से 48 की मौत हो जाती है, जबकि केरल में यह दर प्रति हजार शिशुओं पर सात है।

पॉपस्टार बेयॉन्से को 'बेट अवार्ड्स' के 20वें संस्करण में मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## 09-07-2020

राष्ट्रिय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की कटिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने नौ व्यक्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां (निषेध) अधिनियम 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया।

सरकार के स्वामित्व वाली भारत की प्रमुख एनबीएफसी, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), ने परमिंदर चोपड़ा को कंपनी की निदेशक (वित्त) नियुक्त करने की घोषणा की। वह एन.बी. गुप्ता का स्थान लेंगी, जो 30 जून 2020 को सेवानिवृत्त हो गए।

वरिष्ठ राजनयिक इंद्रमणि पांडे को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए भारत का अगले स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है।

चुनाव उपायुक्त सुदीप जैन का कार्यकाल छह महीने के लिए इस साल मध्य दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।

ई एस रंगनाथन ने सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. के निदेशक (विपणन) का पदभार संभाल लिया।

सरकार ने 30 हजार करोड़ रुपये की एक योजना की शुरुआत की, इसके तहत एक विशेष उद्देशीय निकाय (एसपीवी) के जरिये गैर- बैंकिंग रिणदाताओं को अल्पकालिक नकदी उपलब्ध कराई जायेगी। एसपीवी, भारतीय स्टेट बैंक की अनुषंगी एसबीआई कैप ने स्थापित की है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अप्रैल-नवंबर, 2020 के दौरान खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) और दालों के वितरण के लिए अनुमानित लागत लगभग 1,48,938 करोड़ रुपये है।

देश में वैज्ञानिक शोध की गति को तेज करने और विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले मानव संसाधन को तैयार करने के उद्देश्य से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सांविधिक निकाय विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना की शुरुआत की गई है।

गांधीनगर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक्स-रे के जरिये कोविड-19 का पता लगाने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण विकसित किया है।

विश्व बैंक कोविड- 19 से प्रभावित छोटे व्यवसायों के लिए नकदी की पहुंच बढ़ाने के वास्ते 15 करोड़ एमएसएमई को 75 करोड़ डॉलर का बजट समर्थन देगा।

सिंगापुर क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष इमरान ख्वाजा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष होंगे।

## 10-07-2020

दूरसंचार कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष संगठन 'सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया' (सीओएआई) ने भारती एयरटेल के मुख्य परिचालन अधिकारी अजय पुरी को चेयरमैन तथा के पी. के मित्तल को वर्ष 2020- 21 के लिये वाइस-चेयरमैन नियुक्त किये जाने की घोषणा की है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 4 जुलाई, 2020 को अषाढ़ पूर्णिमा पर धम्म चक्र दिवस समारोहों का उद्घाटन किया।

रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 38,900 करोड़ रुपये मूल्य के विभिन्न प्लेटफार्मों और उपकरणों से सम्बंधित सैन्य सामग्री के अधिग्रहण को मंजूरी दी।

भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी (एसएएसओ) सम्मेलन का उद्घाटन 02 जुलाई, 2020 को वायु सेना प्रमुखएयर चीफ मार्शल आर. के. एस. भदौरिया पीवीएसएम एवीएसएम वीएम एडीसी ने किया।

नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में अनूठे शहरी वन का उद्घाटन किया गया।

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से ड्रग डिस्कवरी हैकथॉन का शुभारंभ किया।

वयोवृद्ध पत्रकार बिष्णु प्रसाद का निधन हो गया, जिन्होंने पत्रकार के तौर पर अपने करियर के दौरान बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 70 के दशक में नक्सलवादी आंदोलन की व्यापक रिपोर्टिंग की थी। वह 85 वर्ष थे

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन और वरिष्ठ नौकरशाह सुखबीर सिंह संधु को जनवरी 2021 तक छह महीने के लिये सेवा विस्तार दिया गया है।

लेफ्टिनेंट कर्नल भरत पन्नू ने इंडोर 4,000 किलोमीटर पैडल चलाकर 'वर्चुअल' मंच पर आयोजित हुई 'रेस एक्रोस अमेरिका (आरएएम) अपने नाम की।

बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने घोषणा की कि वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज सर एवर्टन वीक्स को उसके प्रस्तावित संग्रहालय में विशिष्ठ स्थान दिया जायेगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वसंत कुंज स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायिलरी साइंसेज (आईएलबीएस) में कोरोनोवायरस रोग (कोविड-19) रोगियों के लिए भारत के पहले आक्षेपिक प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन किया।

## 11-07-2020

सरकारी ई-मार्किट मंच (जीईएम) से सामान और सेवाओं की खरीद करने वाले सरकारी विभाग और एजेंसियां यदि विक्रेता को देरी से भुगतान करतीं है तो उन्हें ऐसे मामलों में एक प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। व्यय विभाग ने यह कहा है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में बाढ़ के कारण जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2021' के लिए टूलकिट की शुरुआत की।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद को वर्ष 2036 तक सत्ता में बरकरार रखने की अनुमति वाले संविधान संशोधनों को लागू करने के लिए आदेश दिए।

खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि उनकी सरकार 2028 तक ओलंपिक चैंपियन तैयार करने के उद्देश्य से जल्द ही देश में जूनियर एथलीटों के लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) शुरू करेगी।

रिलायंस जियो ने 'जियो मीट 'ऐप की सेवा आम लोगों के लिए शुरू कर दी, कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक इस ऐप पर एक बार में 100 लोग तक वीडियो कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने घोषणा की कि अमेरिका की कंपनी इंटेल कैपिटल जियो प्लेटफार्म्स में 0.39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,894.50 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने राज्य में विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों की भर्ती के लिए आंध्र प्रदेश कॉर्पोरेशन फॉर आउटसोर्स्ड सर्विसेज (एपीसीओएस) की शुरुआत की।

साल के लंबे कार्यकाल के बाद, राजन मैथ्यूज ने सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया।

एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के मामले में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता केन्या के दिग्गज एथलीट विल्सन किपसांग पर चार साल का प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

# 12-07-2020

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत ऐप इनोवेशन चैलेंज का शुभारंभ किया, यह चैलेंज ऐसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय ऐप्स की पहचान करने के लिए है जो पहले से ही नागरिकों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं और जिनमें अपनी श्रेणी विशेष में विश्व स्तर के ऐप्स बनने की क्षमता है।

कर्ज में डूबी कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स ने जानकारी दी कि उसके प्रबंध निदेशक (सीमेंट) सन्नी गौड़ ने इस्तीफा दे दिया है।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने सरकार के फेरबदल के तहत देश के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर ज्यां कैस्टेक्स के नाम की घोषणा की।

दो बार के ओलंपिक चैंपियन और चीनी बैडमिंटन के दिग्गज लिन डैन ने संन्यास का ऐलान किया है।

वेस्टइंडीज के लेजेंडरी बल्लेबाज सर एवर्टन वीक्स का 95 साल की उम्र में निधन हो गया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश प्रतीक प्रकाश बनर्जी का निधन हो गया।

मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर सरोज खान का निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं।

लॉकडाउन के बीच 'सुफियुम सुजातायम' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित होने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है। इसमें अभिनेता जयसूर्या और अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

22 भारतीय परियोजनाओं में से तीन भारतीय वृत्तचित्रों को हॉन्गकॉन्ग - एशिया फिल्म फाइनेंसिंग फ़ोरम (एचएएफ) द्वारा इसके 4वें वर्क-इन-प्रोग्रेस (डब्लूआईपी) प्रोग्राम के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मंगलयान (मार्स ऑर्बिटर मिशन) में लगे "मार्स कलर कैमरा" (एमसीसी) ने मंगल के सबसे बड़े चंद्रमा 'फोबोस' की तस्वीर ली है।

# 13-07-2020

भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज पर अपनी लिखित पुस्तक 'आत्मनिर्भर महाराष्ट्र- आत्मनिर्भर भारत' का लोकार्पण किया।

केंद्र सरकार ने 2020-21 के लिये जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी कार्यों के लिये 574.16 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना को मंजूरी दी है।

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने छतरपुर में राधास्वामी सत्संग ब्यास परिसर में विश्व के सबसे बडे कोविड केयर सेंटर का शुभारंभ किया।

मध्यप्रदेश सरकार ने "चंबल एक्सप्रेस वे" के निर्माण के लिये 781 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वीडियो लिंक के माध्यम से 98 व्यायाम केंद्रों का उद्घाटन किया।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सिरसा में पहले बहुमंजिला स्टेडियम का उद्घाटन किया।

दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के क्रिकेट कप्तान क्विंटन डिकॉक को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के वर्चुअल पुरस्कार समारोह में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि 21 वर्ष लॉरा वोल्वार्डट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली को एटीके और मोहन बागान को विलय कर बनी इंडियन सुपर लीग की नयी टीम का एक निदेशक नामित किया गया है।

बंगाल की सीनियर महिला टीम के कोच शिबशंकर पॉल को राज्य की अंडर-23 महिला टीम की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने यह जानकारी दी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी ने पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को अपने आईपीएल इलेवन का कप्तान बनाया है।

# 14-07-2020

विश्व बैंक और भारत सरकार ने 'एमएसएमई आपातकालीन उपाय कार्यक्रम' के लिए 750 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए, इसका मुख्य उद्देश्य कोविड-19 संकट से बुरी तरह प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वित्त का प्रवाह बढ़ाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करना है।

स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर उनके नाम पर आईएआरआई झारखंड के नए/ प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन का नामकरण किया गया।

नेपाल के इलम जिले में छात्रों को वेदों के साथ ही आधुनिक शिक्षा पद्धति प्रदान करने वाले 1.94 करोड़ रुपये की भारतीय सहायता से निर्मित विद्यालय की चार मंजिला नई इमारत का उद्घाटन किया गया।

डॉ. बिष्णु प्रसाद नंदा ने रेलवे बोर्ड में महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा (डीजी आरएचएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

अडाणी ट्रांसमिशन ने अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण के लिये कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) के साथ समझौता किया है।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां शत-प्रतिशत घरों में एलपीजी कनेक्शन है।

मुंबई के पूर्व स्पिनर प्रवीण ताम्बे कैरेबियाई प्रीमियम लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये है जिन्हें लीग की नीलामी में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने अपनी टीम से जोड़ा।

इजराइल ने एक नए जासूसी उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किए जाने की घोषणा की जिससे उसे ईरानी परमाणु गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ के शोधकर्ताओं ने कोविड-19 मरीजों के लिए एक सघन और किफायती 'वेंटिलेशन सपोर्ट' प्रणाली विकसित की है।

भारत में होटल उद्योग की शीर्ष संस्था होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) ने पूर्व पर्यटन सचिव मदन बेजबरुआ को अपना महासचिव नियुक्त किया है।

प्रख्यात क्लीनिकल वैज्ञानिक और ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) की कार्यकारी निदेशक गगनदीप कंग ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया।

कोविड-19 के रोगियों का उपचार कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आईआईटी-मद्रास के शोधकर्ताओं ने नैनो कोटेड फिल्टर बनाया है।

## 15-07-2020

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई.पलनीसामी (वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये) ने अरियालुर जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण के लिए आधारशिला रखी और राज्य भर के विभिन्न अस्पतालों में कई अन्य अवसंरचनाओं का उद्घाटन किया।

सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह इंजेती श्रीनिवास को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के पहले अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक में भारत का स्थान 34वां रहा है। रियल एस्टेट बाजार से जुड़े नियामकीय सुधार, बाजार से जुड़े बेहतर आंकड़े और हरित पहलों के चलते देश की रैंकिंग में एक अंक का सुधार हुआ है।

फिल्मकार हरीश शाह का 76 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया।

दुनिया के सबसे अधिक उम्र के शरीर से जुड़े जुड़वा भाइयों का चार जुलाई को 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत लखनऊ स्थित एक स्वायत्त संस्थान बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) ने उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाया है।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कोविड रोगियों के उपचार के लिए पहला प्लाज्मा बैंक बनाया गया है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका उद्घाटन किया।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जलविद्युत परियोजना स्थापित करने के लिए चीन की एक कंपनी जेझुबा ने पाकिस्तान के साथ 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कृष्णा होल्डिंग्स, अल्ट्राटेक नाथद्वारा सीमेंट की सहायक कंपनी, चीन की शेडोंग बिनानी रॉन्गन सीमेंट में अपनी पूरी 92.5 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 129 मिलियन डॉलर में बेचेगी।

ग्रीव्स कॉटन की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकाई एम्पीयर व्हीकल्स ने नोएडा की ई-3व्हीलर कंपनी बेस्टवे एजेंसीज का अधिग्रहण किया है, जो प्रथागत समापन की स्थिति के अधीन है।

# 16-07-2020

सरकार ने कहा है कि गंगा के पुनरोद्धार के लिए विश्व बैंक 40 करोड़ डॉलर उपलब्ध कराएगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विश्व बैंक और सरकार ने इस संबध में एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति दस लाख की जनसंख्या पर लगभग 505 कोरोना के मरीज हैं, जबकि वैश्विक औसत एक हजार चार सौ 53 से अधिक है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने कोविड-19 लॉकडाउन के कारण हुई क्षति की पूर्ति के लिए नौवीं से 12वीं तक की कक्षा के पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत तक की कटौती की है।

जम्मू और कश्मीर में उपराज्यपाल के सलाहकार फारूक खान ने निर्माण श्रमिकों और ऐसे श्रमिकों के आश्रितों के पक्ष में 4.67 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला में कई नये और आधुनिक जांच उपकरण लगाए हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के कार्यवाहक चेयरपर्सन न्यायमूर्ति बी. एल. भट को तीन महीने का सेवा विस्तार दिया है।

हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) एवं कंपनी सचिव दर्शन मजूमदार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

भारत की स्क्वाश स्टार जोशना चिनप्पा मिस्र की विश्व में नंबर एक रनीम इल वेलिली के अचानक संन्यास लेने से पीएसए विश्व रैंकिंग में फिर से शीर्ष दस में शामिल हो गयी हैं।

दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंधेरी के उपनगरीय इलाके में स्थित सेवन हिल्स अस्पताल में कोविड-19 रोगियों के उपचार के लिये प्लाज्मा थेरेपी यूनिट का उदघाटन किया ।

संवर्धित वास्तविकता स्टार्टअप मैजिक लीप ने माइक्रोसॉफ्ट बिजनेस डेवलपमेंट के एक्जीक्यूटिव वीपी पैगी जॉनसन को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है।

## 17-07-2020

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों- ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की मदद के लिए कुल 12,450 करोड़ रुपए (वर्ष 2019-20 में दिए गए 2,500 करोड़ रुपए सहित) की पूंजी देने को मंजूरी दे दी है।

शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले मशहूर अभिनेता-हास्य कलाकार जगदीप का का 81 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि पांच महीने और बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों द्वारा तीन मुफ्त गैस सिलेंडर लेने की समय सीमा बढ़ा दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक ने नई देशव्यापी केंद्रीय क्षेत्र योजना-कृषि अवसंरचना कोष को अपनी मंजूरी प्रदान की।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दोनों संगठनों के बीच डेटा-साझा करने के उद्देश्य से एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच बहादुर सिंह को 25 साल तक सेवा देने के बाद अपने पद से हटना पड़ा चूंकि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के साथ उनका अनुबंध समाप्त हो गया है और आयु नियमों के आधार पर उनके करार को आगे नहीं बढ़ाया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जून से लेकर अगस्त 2020 तक की तीन महीने की अवधि के लिए बढ़ाकर कर्मचारी भविष्य निधि के तहत कर्मचारियों के 12 प्रतिशत एवं नियोक्ताओं के 12 प्रतिशत अर्थात कुल 24 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधान मंत्री आवास योजना- शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत एक उप-योजना के रूप में शहरी प्रवासियों/गरीबों के लिए कम किराये वाले आवासीय परिसरों के विकास के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने संभावित कार खरीदारों को आसान शर्तों पर कर्ज उपलब्ध कराने के लिये निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक से गठजोड़ किया है।

## 18-07-2020

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों के एक संयुक्त उपक्रम ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों और उससे संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 जुलाई,2020 को मध्य प्रदेश के रीवा में स्थापित 750 मेगावाट की सौर परियोजना राष्ट्र को समर्पित किया।

जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट स्थित संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों एवं पुलों की कनेक्टिविटी में एक नई क्रांति का सूत्रपात करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह प्रमुख पुलों को राष्ट्र को समर्पित किया।

संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) के तहत मंगोलियाई कंजुर के 108 अंकों के पुनर्मुद्रण करने परियोजना आरंभ की है।

जर्मनी की प्रमुख भेषज और कृषि रसायन कंपनी बायर ने टाटा ट्रस्ट की एजेंसी, सीएलएनएल के साथ साझेदारी की है, ताकि भारत में छोटे भू-धारक किसानों और ग्रामीण कृषक समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए कृषि-उद्यमिता और बाजार उन्मुख हस्तक्षेप को बढ़ावा दिया जा सके।

ग्राफिक्स प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनी एनवीडिया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद ने कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए समझौता किया है।कंपनी देश में पहला 'एनवीडिया एआई प्रौद्योगिकी केंद्र' खोलेगी।

जी. नरेंद्र कुमार को दिल्ली का मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है।

सरकार की खोज-सह-चयन समति ने आलोक कुमार गुप्ता को ओएनजीसी विदेशी लि. का प्रमुख चुना है।

बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद के स्वामित्व वाली रूचि सोया इंडस्ट्रीज ने संजीव अस्थाना को अपना सीईओ नियुक्त किया है।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने नवतेज बल को अपने सार्वजनिक क्षेत्र कारोबार का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशियाई क्षेत्र में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस साल सितंबर में होने वाले एशिया कप टूर्नामेंट को जून 2021 तक स्थगित कर दिया।

# 19-07-2020

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत (i) कुबोटा कॉर्पोरेशन (कुबोटा) द्वारा एस्कॉर्ट्स लिमिटेड (एस्कॉर्ट्स) में और (ii) एस्कॉर्ट्स द्वारा कुबोटा एग्रीकल्चर मशीनरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (केएआई) में अधिग्रहण को मंजूरी दी।

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने कुशल लोगों को आजीविका के अवसर तलाश करने में मदद के लिए आत्मनिर्भर स्किल्ड एम्पॅलाई-एम्लायर मैपिंग-असीम पोर्टल शुरू किया है।

जाने-माने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. पराग चिटनीस को प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (एनआईएफए) का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है।

भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले विदेशी और देशी प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण अवधि अब चार साल की होगी।

अडाणी पावर ने अनिल सरदाना को नया प्रबंध निदेशक और अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किये जाने की घोषणा की, जबकि निवर्तमान प्रबंध निदेशक राजेश अडाणी कंपनी के निदेशक मंडल में अब गैर-कार्यकारी निदेशक होंगे।

खुदरा क्षेत्र की कंपनी शॉपर्स स्टॉप के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव सूरी ने व्यक्तिगत कारणों से कंपनी से इस्तीफा दे दिया है।

इरडा ने 29 साधारण एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को कोविड-19 इलाज के लिये अल्पावधि कोरोना कवच स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करने की अनुमति दे दी है।

सरकारी इंजीनियरिंग कंपनी भेल ने भारतीय रेलवे के लिये मध्य प्रदेश के बीना में 1.7 मेगावाट का सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) संयंत्र तैयार किया है।

ब्रिटेन सरकार के जारी नए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में भारत निवेश करने वाले देशों में अमेरिका के बाद दूसरे पायदान पर पहुंच गया है, उसने 2019 में यहां 120 परियोजनाओं में निवेश किया और 5,429 नये रोजगार के अवसरों का सृजन किया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने ऊटी में 447.32 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी।

## 20-07-2020

देश के लिए अखिल भारतीय बाघ आकलन 2018 का चौथा चक्र, जिसके परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष वैश्विक बाघ दिवस के अवसर पर घोषित किए गए थे, दुनिया का सबसे बड़ा कैमरा ट्रैप वन्यजीव सर्वेक्षण होने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने कोविड-19 के मध्यम से गंभीर रोगियों के लिए इटोलिज़ुमाब के सीमित आपातकालीन उपयोग को मंजूरी दी।

भारतीय मोबाइल ऐप विकास परितंत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) ने देश भर में स्कूली छात्रों के लिए एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल लॉन्च किया।

हॉकिन्स कुकर लिमिटेड के प्रवर्तक चेयरमैन ब्रह्म वासुदेव का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे।

भारतीय मूल के प्रख्यात पत्रकार एवं बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की हिंदी सेवा के पूर्व प्रमुख कैलाश का लंदन में निधन हो गया । वह 88 साल के थे।

इंग्लैंड के विश्व कप विजेता फुटबॉल खिलाड़ी और आयरलैंड के पूर्व कोच जैक चार्लटन का 85 साल की उम्र में निधन हो गया।

कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2020 के पूरे सत्र को त्रिनिदाद एवं टोबैगो में 18 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जाएगा।

उद्यमी रिक मेहता अमेरिका के न्यूजर्सी राज्य से सीनेट की सीट के लिये रिपबल्किन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीतने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं।

हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मणिपुर के रहने वाले ज्ञानेंद्रो निगोमबाम को मोहम्मद मुश्ताक अहमद की जगह पर कार्यवाहक अध्यक्ष चुना है।

मिस्र के 31 वर्षीय स्क्वैश खिलाड़ी, रनीम इल वेलिली ने संन्यास लेने की घोषणा की।

**21-07-2020**

जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) की सहायक कम्पनी (स्पिनऑफ) वीएनआईआर बायोटेक्नोलोजीज प्राइवेट लिमिटेड, ने रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) जांच के लिए स्वदेशी फ्लोरेसेंस प्रोब्स और पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (पीसीआर) का मिश्रण लॉन्च किया, जो कोविड-19 टेस्ट किट में इस्तेमाल होने वाले आणविक प्रोब्स हैं।

सरकार ने रत्न और आभूषण क्षेत्र को राहत प्रदान करते हुए तराशे और पॉलिश किए गए हीरे के पुनः आयात के लिए तीन माह की छूट प्रदान की है, जिन्हें प्रमाणन और ग्रेडिंग के लिए विदेश भेजा जाता है।

आयकर विभाग ने बैंकों और डाकघरों को एक नई सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसके माध्यम से आयकर रिटर्न नहीं भरने वालों (नॉन फाइलर्स) के मामले में 20 लाख रुपये से अधिक और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों के मामले में 1 करोड़ रुपये से अधिक नकद निकासी पर लागू टीडीएस दर का पता लगाया जा सकता है।

एनटीपीसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम और भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी ने, कॉर्पोरेट उत्कृष्टता श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए, प्रतिष्ठित सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार 2019 जीता है।

फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि 2020-21 में देश की अर्थव्यवस्था में 4.5 प्रतिशत नीचे जाएगी।

अभिनेत्री-गायिका दिव्या चौकसे का निधन हो गया। वह 28 साल की थीं।

पद्म श्री सम्मान से सम्मानित प्रख्यात स्तंभकार नगीनदास सांघवी का गुजरात के सूरत में निधन हो गया। वह 100 साल के थे।

कश्मीर के 'कॉमेडी किंग' के नाम से विख्यात लोकप्रिय अभिनेता शादी लाल कौल का निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन ने लुइसियाना से प्राइमरी का चुनाव जीत लिया है। इस सीट से प्राइमरी चुनाव पहले दो बार स्थगित हो गया था।

नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएनएसटी), मोहाली के वैज्ञानिकों ने काइटोसन के संयोग से नैनोपार्टिकल तैयार किया है और गठिया की तीव्रता को कम करने के लिए इस नैनोपार्टिकल को जिंक ग्लूकोनेट के साथ मिलाया है।

# 22-07-2020

रूसी ट्रैक महासंघ के अध्यक्ष येवजेनी यूरचेंको ने पद संभालने के पांच महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया, लंबे समय से चले आ रहे डोप निलंबन और 50 लाख डॉलर का जुर्माना नहीं भरने के कारण रूसी महासंघ की विश्व एथलेटिक्स से ठनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हरियाणा में कुल 20,000 करोड़ रुपये की आर्थिक गलियारा परियोजनाओं का उद्घाटन अथवा शिलान्यास किया।

गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने भारत के डिजिटीकरण कोष के लिए अगले 5 से 7 वर्षों में 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

हेमंत हरिश्चंद्र कोटालवर को चेक गणराज्य में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने को मंजूरी दी है। ये तीन नए मेडिकल कॉलेज सिरसा, कैथल और यमुनानगर जिलों में बनाए जाएंगे।

रेलवे ने 2030 तक विभिन्न उपायों को अपनाकर अपने कार्बन उत्सर्जन को “शून्य” कर पूरी तरह हरित होने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

'जामी' नाम से लोकप्रिय, जाने-माने कार्टूनिस्ट अवाद बिन हसन जामी का जामनगर में निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को 5000 करोड़ रुपये की पुनर्वित्तपोषण योजना की घोषणा की और 2,150 वाटरशेड विकास परियोजनाओं के लाभार्थियों को कर्ज सहायता उपलब्ध करेंगे।

पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने पांच साल के अपने दूसरे कार्यकाल के लिए बहुत कम अंतर के साथ जीत दर्ज की, चुनाव में करीबी मुकाबले में वारसा के उदारपंथी महापौर को हराया।

भारत का खुदरा महंगाई दर या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) जून में 6.09 प्रतिशत रहा है, आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

## 23-07-2020

भारतीय रेल ने कोविड महामारी के बाद इस्तेमाल में लाए जाने वाले विशेष किस्म के रेल डिब्बे बनाए हैं। इन डिब्बों में बिना हाथ लगाए चलाने वाले उपकरण, तांबे की परत वाले हैंडरेल और लैचेस, प्लाज्मा एयर प्यूरीफिकेशन और टाइटेनियम डाइआक्साइड की परत लगे उपकरण लगाए हैं।

भारत-यूरोपीय संघ की 15वीं बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिएआयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिचेल और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उरसूला वान डेयरलेयेन ने की।

केंद्रीय पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया ने कोलकाता पोर्ट के हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के पांच घाटों (जेटी) पर आधुनिक अग्निशमन सुविधाओं के उन्नयन के लिए 107 करोड़ रुपये मंजूर किये।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स (बीबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी अल्फाबेट के सह-संस्थापक लैरी पेज को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के छठे सबसे अमीर आदमी बन गए हैं।

फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ मोनाको में भारत के अगले राजदूत की भूमिका भी निभाएंगे।

राज्यसभा सचिवालय ने दिवंगत भाजपा नेता अरुण जेटली के नाम पर एक कर्मचारी कल्याण योजना शुरू की है, राज्यसभा के सदस्य रहे जेटली के परिवार को मिलने वाली पेंशन से इस योजना के लिए राशि दी जाएगी।

वैश्विक स्तर पर वर्ष 2022 तक करीब 13.3 करोड़ नौकरियां उपलब्ध होंगी, जिनमें मानव प्रयास, मशीनें और एल्गोरिदम से संबंधित नौकरियां शामिल हैं। एक एनजीओ वाधवानी फाउंडेशन ने यह जानकारी दी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के साथ एशिया-प्रशांत और दुनिया के अन्य हिस्सों में नागर विमानन क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए हाथ मिलाया है।

एनसीडीईएक्स ने एक निवेशक सुरक्षा निधि की स्थापना की है, इस कोष का इस्तेमाल, डिफॉल्टर (चूककर्ता) की संपत्ति दावे की भरपाई करने के लिए पर्याप्त नही होने पर किया जाएगा।

नेफ्रोप्लस ने 'डायलिसिस ऑन व्हील' सेवा की शुरूआत की, इसके तहत मरीजों को उनके घरों के पास जाकर एंबुलेंस के भीतर डायलिसिस कराने की सुविधा दी जाएगी।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के देवास जिले की बागली तहसील को जिला बनाये जाने की घोषणा की।

# 24-07-2020

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31(1) के तहत एकेसो कंपनी पीटीई लिमिटेड द्वारा हेल्थकेयर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एचसीजी) में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किए जाने को मंजूरी दे दी।

बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चुनाव आयुक्त अशोक लवासा को निजी क्षेत्र और सार्वजनिक-निजी साझेदारी के क्षेत्र से जुडे कामकाज के लिए अपना उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने सर्वाधिक किफायती कोविड-19 जांच किट जारी की है।

भारतीय औषध महानियंत्रक ने पूरी तरह से स्वदेश में विकसित पहली न्यूमोकोक्कल पॉलीसैकैराइड कंज्युगेट वैक्सीन को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने सैन्यकर्मियों को सेवा में 10 वर्ष से कम की अर्हता के लिए इनवैलिड पेंशन की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों को उनकी आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालिक सैन्य सामग्री की खरीद से जुडे मामलों को आगे बढ़ाने के लिए अधिकार प्रदान किए।

स्किल इंडिया मिशन तथा विश्व युवा कौशल दिवस के पांच गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर एक डिजिटल कांकलेव का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदेव राम उरांव का निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 'भारत में निर्मित' 5जी समाधान विकसित किया है जिसे अगले साल से उपयोग में लाया जा सकता है, कंपनी गूगल के साथ मिलकर सस्ते स्मार्टफोन बनाएगी।

सर्च इंजन गूगल भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स में 33,737 करोड़ रुपये में 7.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी।

आरपी- संजीव गोयनका समूह ने वीडियो आधारित समाचार ऐप एडीटरजी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में बहुलांश हिस्सेदारी अधिग्रहीत की है, इस पहल से वह डिजिटल समाचार मीडिया क्षेत्र में प्रवेश कर रही है।

भारतीय मूल की अमेरिकी राजनीतिज्ञ सारा गिडियन ने मेन राज्य से अमेरिकी सीनेट सीट के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी जीत ली है, अब नवंबर में होने वाले चुनाव में वह रिपब्लिकन सीनेटर सूसन कोलिन्स को चुनौती देंगी।

## 25-07-2020

एनटीपीसी लिमिटेड ने राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जो राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष लिमिटेड के माध्यम से काम करता है, जिससे भारत में आपसी हितों वाले क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का पता लगाया जा सके जैसे कि नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली वितरण आदि।

अहमदाबाद में "मणिनगर स्वामीनारायण गादी संस्थान" के प्रमुख पुरुषोत्तमप्रियदासजी स्वामीश्री महाराज का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने 16 जुलाई 2020 को अपना 92वां स्थापना दिवस मनाया।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने एम्स, नई दिल्ली के राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किया।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने सीमान्त समुदाय के लिए दिल्ली में अपनी तरह का पहला फुटवियर प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया।

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्षराज्य मंत्री डॉ.. जितेंद्र सिंह ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, जम्मू के पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन)का ई-उद्घाटन किया।

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि ने एएसकेओमैरीटाइम एएस, नॉर्वे के लिए दो जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, इसमें दो अन्य इलेक्ट्रिक जहाज़ों (फेरी)के निर्माण का भी विकल्प है।

एफएमसीजी कंपनी मैरिको ने अपने कार्यकारी उपाध्यक्ष और वित्त प्रमुख पवन अग्रवाल को अपना अगला सीएफओ नियुक्त किया है।

आईटी कंपनी एल एंड टी टेक्नोलॉजी सर्विसेज टेक्सास (अमेरिका) की आर्केस्ट्रा टेक्नोलॉजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी, जो दूरसंचार नेटवर्क प्रबंधन के लिये इंजीनियरिंग सेवाएं और समाधान उपलब्ध कराती है।

बीबीसी के पूर्व पत्रकार डॉ. समीर शाह और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) में सर्जरी के प्रोफेसर लॉर्ड अजय कक्कड़, जो दोनों भारतीय मूल के हैं, ब्लैक लाइव्स मैटर विरोध के मद्देनजर ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा घोषित नए आयोग का हिस्सा होंगे।

## 26-07-2020

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक,लोक शिकायत, पेंशन,परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता के लिए पीएम पुरस्कार की नई संशोधित योजना और वेब पोर्टल www.pmawards.gov.inकी शुरुआत की।

रेहड़ी-पटरी तथा फेरी लगाने वाले दुकानदारों को उनके घर पर लघु ऋण की सुविधा देने के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि-पीएम स्वनिधि का मोबाइल ऐप नई दिल्ली में जारी किया गया।

यात्री-सामानों के माध्यम से संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मटीरियल्स (एआरसीआई), हैदराबाद और वीहंत टेक्नोलॉजीज, नोएडा ने साथ मिलकर कृतिस्कैन यूवी कीटाणुशोधन प्रणाली को विकसित किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि भारत के महापंजीयक द्वारा जारी एक विशेष बुलेटिन के अनुसार देश में 2015-17 में मातृ मृत्यु अनुपात दर 122 थी जो 2016-18 में घटकर 113 हो गयी यानी इसमें 7.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

सरकारी बैंकों ने आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत देशभर में 71 एमएसएमई के बड़े केन्द्रों को 19,668.87 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है।

देश की सबसे अमीर महिला रोशनी नाडर मल्होत्रा सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की प्रमुख बनने वाली पहली महिला बन गयीं।

भारतवंशी कवि, लेखिका और मानवाधिकार वकील मोना अर्शी को लिवरपूल विश्वविद्यालय में अंग्रेजी और कानून का मानद प्रोफेसर नियुक्त किया गया है।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सैप एसई ने कुलमीत बावा को सैप भारतीय उप-महाद्वीप के लिये अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

आजादी और मानवाधिकारों के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की लड़ाई ने उन्हें अफ्रीका के युवाओं में सबसे ज्यादा प्रभावशाली व्यक्ति बना दिया है। इडेकोविट्ज फैमिली फाउंडेशन ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों को जारी किया।

मुंबई क्रिकेट संघ ने अपनी क्रिकेट सुधार समिति के लिये पूर्व भारतीय खिलाड़ी लालचंद राजपूत, समीर दिघे और राजू कुलकर्णी के नाम का चयन किया।

'क्वीन ऑफ द स्काइज' कहे जाने वाले बोइंग 747 अब आकाश में ब्रिटेन के राष्ट्रीय ध्वज यूनियन जैक के तीन रंग लाल, सफेद और नीले का जलवा नहीं बिखेरेंगे, क्योंकि इसके बेड़े को ब्रिटिश एयरवेज ने अलविदा कह दिया है।

## 27-07-2020

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में प्रशासनिक परिषद ने सभी चुने गए, विकास खण्ड परिषद अध्यक्षों, सरपंचों, पंचों और जम्मू-कश्मीर की नगर निकायों के सभी सदस्यों को आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में मृत्यु होने पर 25-25 लाख रुपये के जीवन बीमा के दायरे में लाए जाने की मंजूरी दी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कोविड -19 महामारी के मद्देनज़र वैश्विकआर्थिक परिद्श्य पर चर्चा के लिए जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों की तीसरी बैठक में हिस्सा लिया।

पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और दुनिया के सबसे प्रसिद्ध गणितज्ञों में से एक, कांजिवरम श्रीरंगचारी शेषाद्रि का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

वयोवृद्ध कन्नड़ फिल्म अभिनेता हुलवान गंगाधरैया का 70 साल की उम्र में कोविड-19 के चलते निधन हो गया।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट विकेटकीपर और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पूर्व मैच रेफरी बैरी जरमन का निधन हो गया है। वह 84 साल के थे।

पूर्व विश्व जूनियर पेयर्स फिगर स्केटिंग चैम्पियन एकेटरिना एलेक्सांद्रोवस्काया का मास्को में निधन हो गया है।

नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन करने वाले सांसद जॉन लुइस का निधन हो गया। वह 80 साल के थे।

सुपरटेक समूह के चेयरमैन आर के अरोड़ा को रीयल्टी कंपनियों के संगठन नारेडको की उत्तर प्रदेश इकाई का अध्यक्ष चुना गया है।

क्वाड्रासिस्टम्स डॉट नेट इंडिया प्राइवेट लि. (क्वाड्रा) को लगातार 16वें साल माइक्रोसॉफ्ट का वैश्विक भागीदारी अवॉर्ड मिला है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने निर्वाचन क्षेत्र पटपड़गंज में पूर्वी दिल्ली में पहले सार्वजनिक डीसी ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

## 28-07-2020

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने 63 भारतीय हवाईअड्डों के लिए 198 बॉडी स्कैनर्स खरीदने का फैसला किया है जो प्रवेश द्वार पर लगे मौजूदा मेटल डिटेक्टर्स और हाथ से संचालित स्कैनर्स के साथ ही धातु की वस्तुओं का पता लगाने के लिए यात्रियों की हाथ से तलाशी लेने का स्थान लेंगे।

दुर्गापुर स्थित सीएसआईआर-सीएमईआरआई ने वर्तमान महामारी परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव (गेम चेंजर) लाते हुए कार्यस्थल के लिए कोविड सुरक्षा प्रणाली (सीओपीएस) का अनावरण किया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली के एम्स में दिल्ली पुलिस के सहयोग से आयोजित प्लाज्मा दान अभियान का उद्घाटन किया।

नागरिक अधिकार आंदोलन के अग्रणी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लंबे समय से सदस्य रहे जॉन लुईस का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे।

'प्यार तूने क्या किया', 'रोड' और अन्य जैसी फिल्म के निर्देशक रजत मुखर्जी का निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे।

दुबई स्थित एक भारतीय लड़की समृद्धि कालिया ने तीन मिनट के भीतर एक छोटे से बॉक्स में 100 योग आसन करने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने 53वें बेल शतरंज महोत्सव में ऐक्सेंटस चेस960 टूर्नामेंट के खिताब को अपने नाम किया।

ब्राजील के डेविसन फिग्वेरेडो ने अबू धाबी में अमेरिकी जोसेफ बेनाविडेज को हराकर यूएफसी फ्लाईवेट खिताब जीता।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने अपने अध्यक्ष के कार्यकाल को अधिकतम चार बार के लिए सीमित कर दिया है और साथ ही अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में अपनी परिषद में 'भौगोलिक और लैंगिक प्रतिनिधित्व' को लागू करने को भी स्वीकृति दी।

अमेरिकन म्यूजिक अवार्ड्स (एएमए) 2020 का इस साल 22 नवम्बर को आयोजन किया जाएगा

## 29-07-2020

लियोनेल मेस्सी ने बार्सिलोना की अंतिम दौर में अलावेस पर 5-0 से शानदार जीत के दौरान दो गोल करके स्पेनिश फुटबाल लीग ला लिगा में रिकार्ड सातवीं बार किसी एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने के लिये 'गोल्डन बूट' हासिल किया।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन का लखनऊ में निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे।

खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने वर्चुअल सम्मेलन के माध्यम से मिजोरम के कोलासिब में ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क लिमिटेड का उद्घाटन किया।

नया अधिनियमित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 20 जुलाई, 2020 से तीन दशक से अधिक पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के स्थान पर लागू हुआ।

प्रोफेसर ऋषिकेश टी कृष्णन ने आईआईएम-, बेंगलुरू के निदेशक के तौर पर पदभार संभाल लिया, उन्होंने प्रोफेसर जी रघुराम का स्थान लिया है जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

इस साल मई की तुलना में, कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिये जून महीने में खुदरा मुद्रास्फीति नरम होकर क्रमश: 7.16 प्रतिशत और 7 प्रतिशत रही, श्रम मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

ब्रिटेन ने कहा है कि फाइजर और अन्य दवा कंपनियों द्वारा कोरोना वायरस के इलाज के लिए परीक्षण के दौर से गुजर रहे टीकों की नौ करोड़ खुराक खरीदने के संबंध में उसने एक समझौते पर दस्तखत किये हैं।

ऑटो कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स को अमेरिका के कैरावैन ट्रेलर बाजार से 1.45 लाख से अधिक पहियों के लिए 15 लाख डॉलर (करीब 11.25 करोड़ रुपये) के ऑर्डर मिले हैं।

गूगल ने ओरेकल के अनुभवी मितेश अग्रवाल को गूगल क्लाउड इंडिया के लिए ग्राहक इंजीनियरिंग के निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

तमिलनाडु सरकार ने लगभग 10,339 करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश से जुड़े आठ ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

तीन साल पहले फ्रेंच लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन को हराने के बाद से प्रदर्शन में निरंतररता बरकरार रखने में असफल रही मोनाको की टीम ने निको कोवाच को अपना नया कोच नियुक्त किया है।

श्रीलंका के पूर्व कोच और हरफनमौला खिलाड़ी चंडिका हाथुरुसिंघा को इस साल के लिए न्यू साउथ वेल्स का सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

## 30-07-2020

इंग्लैंड के स्टार बेन स्टोक्स ओल्ड ट्रैफर्ड में तीसरे टेस्ट में अपनी टीम की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर को पछाड़कर विश्व रैंकिंग में शीर्ष टेस्ट आलराउंडर बन गए हैं जबकि आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए, आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत आने वाले एक पहल, मनोदर्पण की शुरूआत की।

केंद्र की ओर से वरिष्ठ स्तर की नौकरशाही में किए गए फेरबदल के तहत वरिष्ठ नौकरशाह पी अमुधा को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में बतौर संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है जबकि केशव चंद्रा को गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) का निदेशक बनाया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शिव प्रताप शुक्ला और मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह को क्रमश: राज्यसभा और लोकसभा में भाजपा का मुख्य सचेतक बनाया गया है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने प्रकाश चंद्र कांडपाल को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।

बेंगलुरु स्थिति भारतीय प्रबंधन संस्थान के वित्त एवं लेखा संकाय के प्रोफेसर आर नारायणस्वामी राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के तकनीकी सलाहकार समिति के प्रमुख नियुक्त किए गए हैं।

करूर वैश्य बैंक ने रमेश बाबू को प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

कोरोना वायरस महामारी के कारण लगभग छह महीने निलंबन के बाद 15 सितंबर को कोपा लाइबरटेडोरेस दोबारा शुरू होगी।

पुरुष रग्बी लीग विश्व कप 2021 की शुरुआत अगले साल 23 अक्टूबर से होगी जिसमें आस्ट्रेलिया का सामना केसीओएम स्टेडियम में फिजी से होगा।

संयुक्त अरब अमीरात ने जापान से मंगल पर अपना पहला ऐतिहासिक मिशन लॉन्च किया। इस मिशन को 'होप' नाम दिया गया है। तनेगाशिमा स्पेसपोर्ट से एक एच 2-ए रॉकेट को लॉन्च किया गया है, जो कि अब ग्रह के मौसम और जलवायु का अध्ययन करने के लिए 500 मिलियन किलोमीटर की यात्रा पर है।

# 31-07-2020

भारत की ओलंपिक की तैयारियों को बड़ा झटका लगा जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने प्रयोगशाला के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप नहीं होने के कारण देश की राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) के निलंबन को छह और महीने के लिए बढ़ा दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मणिपुर जलापूर्ति परियोजना की आधारशिला रखी।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली में कैग कार्यालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया।

भारत के एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल "ध्रुवस्त्र" उड़ान का परीक्षण हाल ही में ओडिशा के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

रेल मंत्रालय ने निजी ट्रेन परियोजना पर प्री एप्लीकेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

डेटा विनिमय के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क (सीबीआईसी) दोनों संगठनों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत और मालदीव ने राजधानी माले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने आईएमजी रिलायंस के साथ विशिष्ट वैश्विक मार्केटिंग एवं प्रबंधन करार किया।

भाजपा नेता ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली है।

फोर्ब्स के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी 74.6 बिलियन डॉलर के साथ दुनिया के पांचवें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।